DATE :- 08-10-2025

DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

**सिटी एंकर** 36 मीटर लंबा पहला गर्डर फ्लाईओवर के ऊपर, तो दूसरा आईटीआई के पास लॉन्च होगा

# मेट्रो के मजूरागेट इंटरचेंज पॉइंट पर स्पान छोटा होने से पहली बार एक साथ दो गर्डर लॉन्च करने की तैयारी, फ्लाईओवर बंद नहीं करना पड़ेगा

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में मजूरागेट जंक्शन पर पहली बार दो गर्डर एक साथ लॉन्च करने की तैयारी की गई है। सूरत मेट्रो के डायमंड रूट के इस सेक्शन में 36 मीटर लंबा पहला गर्डर मजूरागेट फ्लाईओवर ब्रिज के ऊपर, जबकि 46 मीटर लंबा दूसरा गर्डर आईटीआई कॉलेज के पास लॉन्च किए जाएंगे। इन दोनों स्पान पर स्टील फिटिंग और स्लैब प्रिपरेशन का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मजूरागेट स्टेशन लाइन-1 के ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल तक 11 किमी लंबा एलिवेटेड रूट है, जिसका काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## दोनों गर्डर एक साथ लॉन्च करने से काम की गति बढ़ेगी



आमतौर पर मेट्रो परियोजना में एक-एक गर्डर लॉन्च किए जाते हैं, लेकिन मजूरागेट में एक साथ दो गर्डर लॉन्च करने का प्रयोग इसलिए खास है क्योंकि यहां का स्पान छोटा (36 मीटर) है। इस कारण दोनों गर्डर एक साथ लॉन्च करने से न सिर्फ काम की गति बढ़ेगी, बल्कि सुरक्षा जोखिम भी कम होगा।

## मजूरागेट स्टेशन मेट्रो रेल का अहम इंटरचेंज पॉइंट बनेगा

सूरत मेट्रो रेल के अधिकारियों के अनुसार लाइन-1 में अब तक करीब 4 किलोमीटर रेल ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो चुका है। बाकी हिस्सों में सिविल निर्माण कार्य पूरी रफ्तार से चल रहा है। मजूरागेट स्टेशन इस प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण इंटरचेंज पॉइंट होगा, जहां से लाइन-1 और लाइन-2 का संपर्क स्थापित होगा।